47

पत्र सं0- एडी0कमि0(पुलिस)/पुलिस कर्मी अनुशासन/निर्देश/ 2021-22/ 161 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश
(पुलिस--कैम्प)
दिनांक::लखनऊ:: 23 जून,2021

समस्त
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया पुलिस विभाग से वाणिज्य कर विभाग में 02 वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरित किये गये पुलिस कर्मियों को मुख्यालय के आदेश द्वारा विभिन्न जोनों में तैनात/ सम्बद्ध किया जाता है। यह संज्ञान में आया है कि जोनों में तैनात/ सम्बद्ध किये गये पुलिस कर्मियों द्वारा यात्रा अवधि से अधिक समय का उपभोग करने के बाद तैनाती जोन के कार्यालय में कार्यभाग ग्रहण किया जाता है। यह कृत्य अत्यन्त आपत्तिजनक है एवं अनुशासनहीनता की परिधि में आता है।

उपरोक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि पुलिस कर्मियों द्वारा यात्रा अवधि के बाद यदि कोई भी पुलिस कर्मी आपके जोन में कार्यभार ग्रहण करने के लिए उपस्थित होता है तो पुलिस कर्मी के अनुपस्थित अवधि के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त ही सम्बन्धित पुलिस कर्मी को अपने जोन में कार्यभार ग्रहण कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से सम्बन्धित सहित इस कार्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

(प्रकाश स्वरूप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
एडीशनल कमिश्नर(पुलिस), वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या: व दिनांक: उक्त।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को कमिश्नर महोदया के अवलोकनार्थ।
2- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
3- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

23/6/21

एडीशनल कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।